PLUTUS IAS

CURRENT AFFAIRS

Argasia Education PVT. Ltd. (GST NO.-09AAPCAI478E1ZH)
Address: Basement C59 Noida, opposite to Priyagold Building gate, Sector 02,
Pocket I, Noida, Uttar Pradesh, 201301, CONTACT NO:-8448440231

**Date -06- November 2024**


# विकसित बिहार के लिए सात निश्चय योजना का प्रथम चरण

## चर्चा में क्यों ?

- हाल ही में बिहार को भारत का एक विकसित राज्य बनाने के उद्देश्य से बिहार सरकार द्वारा विकसित बिहार के लिए सात निश्चय योजना के प्रथम चरण के अंतर्गत “ आरक्षित रोजगार - महिलाओं का अधिकार ” एवं “ हर घर बिजली लगातार ” निश्चय योजना का लक्ष्य प्राप्त किया जा चुका है।
- सात निश्चय योजना के चरण / पार्ट - 2 के तहत सभी सात निश्चयों को पूरा करने के लिए वित्तीय वर्ष 2024 - 25 में कुल 5, 040 करोड़ रुपये आवंटित किया गया है।

## विकसित बिहार के लिए सात निश्चय योजना क्या है ?

### विकसित बिहार के लिए सात निश्चय योजना का प्रथम चरण ( वर्ष 2015 से वर्ष 2020 तक )



विकसित बिहार के सात निश्चय योजना के प्रथम चरण की प्रमुख योजनाएँ :

1. अवसर बढ़े - आगे पढ़ें।
2. आरक्षित रोजगार - महिलाओं का अधिकार।
3. हर घर - नल का जल।
4. शौचालय निर्माण - घर का सम्मान।
5. आर्थिक हल - युवाओं को बल।
6. हर घर बिजली लगातार।
7. घर तक पक्की गली - नालियाँ।

- विकसित बिहार के लिए सात निश्चय योजना के प्रथम चरण को पूरा करने की अवधि वर्ष 2015 से वर्ष 2020 तक थी।
- सात निश्चय योजना के प्रथम चरण के अंतर्गत " आरक्षित रोजगार - महिलाओं का अधिकार " एवं " हर घर बिजली लगातार " निश्चय योजना का लक्ष्य प्राप्त किया जा चुका है।
- " हर घर नल का जल " निश्चय के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024 - 25 में 1295 करोड़ रुपए को आवंटित करने का प्रावधान किया गया है।
- " अवसर बढ़े - आगे बढ़ें " निश्चय योजना के तहत बिहार के विभिन्न जिलों में कॉलेजों/ संस्थानों का कार्य निर्माणाधीन है।
- " घर तक पक्की गली नालियां " निश्चय के तहत वित्तीय वर्ष 2024 - 25 में 150 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।
- " शौचालय निर्माण - घर का सम्मान " निश्चय के तहत ग्रामीण विकास विभाग द्वारा लक्षित सभी 115.60 लाख घर को आच्छादित करते हुए बिहार के सभी 8,053 पंचायतों , 534 प्रखंडों , 101 अनुमंडलों तथा सभी जिला एवं शहरी क्षेत्रों के सभी 3,398 शहरी वार्डों एवं 142 नगर निकायों को ODF ( Open Defecation Free - खुले में शौच से मुक्ति ) घोषित किया जा चुका है।
- " आर्थिक हल - युवाओं को बल " निश्चय के तहत 3 योजना अभी भी कार्यरत है। जो निम्नलिखित है -

1. बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना : इस योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024 - 25 में कुल 700 करोड़ रुपए का प्रावधान या आवंटित किया गया है।
2. कुशल युवा कार्यक्रम योजना : इस योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024 - 25 में 363 करोड़ रुपए का प्रावधान या आवंटित गया किया है।
3. मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना : इस योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024 - 25 में 200 करोड़ रुपए का प्रावधान या आवंटित किया गया है।

| क्रमांक | निश्चय का नाम | निश्चय अंतर्गत योजना / कार्यक्रम | संबंधित विभाग | संबंधित उप-मिशन |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निश्चय - 1 : आर्थिक हल युवाओं को बल | बिहार स्टुडेंट क्रेडिट कार्ड योजना | शिक्षा विभाग | युवा उप-मिशन |
| 2 | निश्चय - 1 : आर्थिक हल युवाओं को बल | मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना | योजना एवं विकास विभाग | युवा उप-मिशन |
| 3 | निश्चय - 1 : आर्थिक हल युवाओं को बल | कुशल युवा कार्यक्रम | श्रम संसाधन विभाग | युवा उप-मिशन |
| 4 | निश्चय - 1 : आर्थिक हल युवाओं को बल | राज्य के सभी विश्वविद्यालयों / महाविद्यालयों में निःशुल्क वाई-फाई की सुविधा | सूचना प्रौद्योगिकी विभाग | युवा उप-मिशन |
| 5 | निश्चय - 1 : आर्थिक हल युवाओं को बल | बिहार स्टार्ट-अप नीति - 2017 | उद्योग विभाग | उद्योग एवं व्यवसाय उप-मिशन |
| 6 | निश्चय - 2 : आरक्षित रोजगार, महिलाओं को अधिकार | राज्य सरकार के सभी सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 35% क्षैतिज आरक्षण | सामान्य प्रशासन विभाग | युवा उप-मिशन |
| 7 | निश्चय - 3 : हर घर बिजली | मुख्यमंत्री विद्युत संबंध निश्चय योजना | उर्जा विभाग | पेयजल, स्वच्छता, ग्राम एवं नगर विकास उप मिशन |
| 8 | निश्चय - 4 : हर घर नल का जल | मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल निश्चय योजना | पंचायती राज विभाग | पेयजल, स्वच्छता, ग्राम एवं नगर विकास उप मिशन |
| 9 | निश्चय - 4 : हर | मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल ( | लोक स्वास्थ्य | पेयजल, स्वच्छता, |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | घर नल का जल | गुणवत्ता प्रभावित क्षेत्र ) निश्चय योजना | अभियंत्रण विभाग | ग्राम एवं नगर विकास उप मिशन |
| 10 | निश्चय - 4 : हर घर नल का जल | मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल ( गैर - गुणवत्ता प्रभावित क्षेत्र ) निश्चय योजना | लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग | पेयजल, स्वच्छता, ग्राम एवं नगर विकास उप मिशन |
| 11 | निश्चय - 4 : हर घर नल का जल | मुख्यमंत्री शहरी पेयजल निश्चय योजना | नगर विकास एवं आवास विभाग | पेयजल, स्वच्छता, ग्राम एवं नगर विकास उप मिशन |
| 12 | निश्चय - 5 : घर तक पक्की गली-नालियाँ | ग्रामीण टोला संपर्क निश्चय योजना | ग्रामीण कार्य विभाग | आधारभूत संरचना उप मिशन |
| 13 | निश्चय - 5 : घर तक पक्की गली-नालियाँ | मुख्यमंत्री ग्रामीण गली-नाली पक्कीकरण निश्चय योजना | पंचायती राज विभाग | पेयजल, स्वच्छता, ग्राम एवं नगर विकास उप मिशन |
| 14 | निश्चय - 5 : घर तक पक्की गली-नालियाँ | मुख्यमंत्री शहरी नाली-गली पक्कीकरण निश्चय योजना | नगर विकास एवं आवास विभाग | पेयजल, स्वच्छता, ग्राम एवं नगर विकास उप मिशन |
| 15 | निश्चय - 6 : शौचालय निर्माण, घर का सम्मान | लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान | ग्रामीण विकास विभाग | पेयजल, स्वच्छता, ग्राम एवं नगर विकास उप मिशन |
| 16 | निश्चय - 6 : शौचालय निर्माण, घर का सम्मान | शौचालय निर्माण,घर का सम्मान निश्चय योजना (शहरी क्षेत्र) | नगर विकास एवं आवास विभाग | पेयजल, स्वच्छता, ग्राम एवं नगर विकास उप मिशन |
| 17 | निश्चय - 7 : अवसर बढ़े, आगे पढ़ें | प्रत्येक जिला में जी॰एन॰एम॰ संस्थान की स्थापना | स्वास्थ्य विभाग | मानव विकास उप मिशन |
| 18 | निश्चय - 7 : अवसर बढ़े, आगे पढ़ें | प्रत्येक जिला में पारा-मेडिकल संस्थान की स्थापना | स्वास्थ्य विभाग | मानव विकास उप मिशन |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 19 | निश्चय - 7 : अवसर बढ़े, आगे पढ़ें | सभी जिलों में पॉलिटेक्निक संस्थान की स्थापना | विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग | युवा उप-मिशन |
| 20 | निश्चय - 7 : अवसर बढ़े, आगे पढ़ें | सभी जिलों में महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना | श्रम संसाधन विभाग | युवा उप-मिशन |
| 21 | निश्चय - 7 : अवसर बढ़े, आगे पढ़ें | सभी जिलों में अभियंत्रण महाविद्यालय की स्थापना | शिक्षा विभाग | युवा उप-मिशन |
| 22 | निश्चय - 7 : अवसर बढ़े, आगे पढ़ें | सभी चिकित्सा महाविद्यालय में नर्सिंग कॉलेज की स्थापना | स्वास्थ्य विभाग | मानव विकास उप मिशन |
| 23 | निश्चय - 7 : अवसर बढ़े, आगे पढ़ें | प्रत्येक अनुमंडल में ए०एन०एम० संस्थान की स्थापना | स्वास्थ्य विभाग | मानव विकास उप मिशन |
| 24 | निश्चय - 7 : अवसर बढ़े, आगे पढ़ें | प्रत्येक अनुमंडल में सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना | श्रम संसाधन विभाग | युवा उप-मिशन |
| 25 | निश्चय - 7 : अवसर बढ़े, आगे पढ़ें | राज्य में पांच और नये मेडिकल कॉलेज की स्थापना | स्वास्थ्य विभाग | मानव विकास उप मिशन |

स्त्रोत - बिहार विकास मिशन, बिहार सरकार का आधिकारिक वेबसाईट।

**प्रारंभिक परीक्षा के लिए अभ्यास प्रश्न :**

---

Q.1. विकसित बिहार के लिए साथ निश्चय योजना के संदर्भ में निम्नलिखित योजनाओं पर विचार कीजिए।

1. आर्थिक हल - युवाओं को बल योजना।
2. अवसर बढ़े - आगे पढ़ें योजना।

3. शौचालय निर्माण - घर का सम्मान योजना।
4. आरक्षित रोजगार - महिलाओं को अधिकार योजना।
उपर्युक्त योजनाओं में से कौन सी योजना सात निश्चय योजना के प्रथम चरण का हिस्सा है ?

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2 और 4
C. इनमें से कोई नहीं।
D. उपरोक्त सभी।
उत्तर - D

**मुख्य परीक्षा के लिए अभ्यास प्रश्न :**

---

**Q.1. बिहार सरकार की सात निश्चय योजना के तहत आरक्षित रोजगार - महिलाओं का अधिकार और हर घर बिजली लगातार जैसी प्रमुख योजनाओं के लक्ष्यों की प्राप्ति पर चर्चा करते हुए इन योजनाओं का समाज पर पड़ने वाले प्रभावों और राज्य के विकास में इनकी भूमिका को आप कैसे देखते हैं? इन योजनाओं की सफलता और चुनौतियों पर भी अपने विचार प्रस्तुत करें।**
( शब्द सीमा - 250 अंक - 15 )

Dr. Akhilesh Kumar Shrivastava

